@TeachingExam

**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।**

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
510132677

# प्रश्न-पुस्तिका

विषय कोड : 1 0

विषय का नाम : **शारीरिक शिक्षा**

अनुक्रमांक (अंकों में) : | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

| समय : 2 घण्टे | मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 32 | कुल प्रश्नों की संख्या : 125 | अधिकतम अंक : 500 |
|---|---|---|---|

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

**अभ्यर्थी निम्नलिखित निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।**

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में **125** प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न (प्रश्नांश) हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों (संस्कृत, हिन्दी, उर्दू और अंग्रेज़ी विषय को छोड़कर) में मुद्रित है। प्रत्येक प्रश्न में उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न (प्रश्नांश) के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है।
2. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न-पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो।
3. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश दिए जाने के उपरान्त ही प्रश्न-पुस्तिका की सील खोलें।
4. अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले, प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
5. **अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर अपना अनुक्रमांक, विषय का नाम, विषय कोड, प्रश्न-पुस्तिका संख्या एवं हल किए गए प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक निर्दिष्ट स्थान पर लिखें तथा सम्बन्धित गोले अथवा बबल को भरें, अन्यथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।**
6. **अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन से पूरा गहरा कर दें। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को ग़लत माना जाएगा एवं उसे जाँचा नहीं जाएगा।**
7. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।
8. अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें।
9. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें।
10. यदि हिन्दी या अंग्रेज़ी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेज़ी विवरण अन्तिम माना जाएगा।
11. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो उसे परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
12. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जाएगा जब तक **120 मिनट (दो घण्टे)** पूरे न हो गए हों।
13. रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिए। अतिरिक्त पन्ने नहीं दिए जाएँगे।
14. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए **केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।**

***Note: English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***


Test Prime By Adda247
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
Test. Analyze. Improve. Repeat.
Don't just prepare. Perform.
Test Prime — built only for mock tests.
1,50,000+ Mock Tests
25,000+ Previous Year Papers
800+ Exam Covered
500% Refund on Selection
5 lakh+ Free Quizzes
PDF
Daily Free PDFs
Job Alerts Stay Updated
Multilingual
Detailed Solution
Strong and Weak Areas
All India Rankings
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.
2 1 3
Adda247 test prime
Rating
Editors' choice
New
Test Prime By Adda247
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
DOWNLOAD THE APP

1. "किसी भी गतिविधि को सीखना कहा जा सकता है, जहाँ तक वह व्यक्ति का (अच्छा या बुरा किसी भी दृष्टिकोण से) विकास करती है और उसके परिणामस्वरूप उसके व्यवहार और अनुभवों को उस स्थिति से अलग बनाती है, जैसे वे अन्यथा होते।" कथन ________ के द्वारा कहा गया है।

(A) रॉबर्ट एस. वुडवर्थ
(B) बी.एफ. स्किनर
(C) अर्नेस्ट आर. हिलगार्ड
(D) क्रो और क्रो

"Any activity can be called learning so far as it develops the individual (in any respect, good or bad) and makes his later behaviour and experiences different from what they would otherwise have been." This statement is given by ____________.

(A) Robert S. Woodworth
(B) B.F. Skinner
(C) Ernest R. Hilgard
(D) Crow and Crow

2. हृदय की कौन-सी संरचना हृद् संकुचन के लिए लयबद्ध आवेगों को आरंभ करके प्राकृतिक पेसमेकर के रूप में कार्य करती है ?

(A) शिरा-अलिंद (SA) पर्व (नोड)
(B) पुरकिंजे तंतु
(C) अलिंद-निलय (AV) पर्व (नोड)
(D) हिस का बंडल

Which structure of the heart functions as the natural pacemaker by initiating rhythmic impulses for cardiac contraction ?

(A) Sinoatrial (SA) node
(B) Purkinje fibres
(C) Atrioventricular (AV) node
(D) Bundle of His

3. ट्रिपल जंप (तिहरी कूद) में, "स्टेप" चरण के दौरान, एथलीट किस पर लैंड करता है ?

(A) दोनों पैरों पर एक साथ
(B) पसंद के अनुसार किसी भी पैर पर
(C) उसी पैर पर जो हॉप चरण में उपयोग किया गया था
(D) हॉप चरण में प्रयुक्त पैर से विपरीत पैर पर

In triple jump, during the "step" phase, the athlete lands on :

(A) Both feet simultaneously
(B) Either foot according to preference
(C) The same foot used in the hop phase
(D) The opposite foot from the hop phase

4. अंतर्मुखता और बहिर्मुखता की अवधारणाओं को किसने प्रस्तुत किया ?

(A) सिगमंड फ्रॉयड
(B) जॉन वॉटसन
(C) इवान पावलॉव
(D) कार्ल युंग

Who introduced the concepts of introversion and extraversion ?

(A) Sigmund Freud
(B) John Watson
(C) Ivan Pavlov
(D) Carl Jung

5. किस प्रकार की संधि को "रेशेदार संधि" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ?

(A) सीवन संधि
(B) हिंज संधि
(C) कन्दुक खल्लिका संधि
(D) सैडल संधि

Which type of joint is categorized as a "fibrous joint" ?

(A) Sutural joint
(B) Hinge joint
(C) Ball and socket joint
(D) Saddle joint

5101322677

6. किसी अध्ययन के परिणामों की सामान्यीकरण क्षमता को कहा जाता है :

(A) आंतरिक वैधता (B) समवर्ती/समकालिक वैधता

(C) प्रत्यक्ष वैधता (D) बाह्य वैधता

The generalizability of the results of a study is known as :

(A) Internal Validity (B) Concurrent validity

(C) Face validity (D) External validity

7. निम्नलिखित में से कौन-सा थॉर्नडाइक के अधिगम के तीन प्राथमिक नियमों का सही प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) अभिप्रेरणा का नियम, अभ्यास का नियम, पुरस्कार का नियम

(B) अनुबंधन का नियम, प्रबलन का नियम, अनुक्रिया का नियम

(C) प्रभाव का नियम, अभ्यास का नियम, तत्परता का नियम

(D) प्रयास का नियम, त्रुटि का नियम, आदत का नियम

Which of the following correctly represents Thorndike's three primary laws of learning ?

(A) Law of motivation, Law of practice, Law of reward

(B) Law of conditioning, Law of reinforcement, Law of response

(C) Law of effect, Law of exercise, Law of readiness

(D) Law of trial, Law of error, Law of habit

8. एच.सी. बक ने मद्रास में YMCA शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की स्थापना किस वर्ष में की थी ?

(A) 1915 (B) 1930

(C) 1923 (D) 1920

In which year did H.C. Buck establish the YMCA College of Physical Education in Madras ?

(A) 1915 (B) 1930

(C) 1923 (D) 1920

9. प्रशिक्षण में अनुकूलन के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है ?

(A) अनुकूलन → उत्तेजना में वृद्धि → प्रदर्शन में सुधार

(B) उत्तेजना में वृद्धि → प्रदर्शन में सुधार → अनुकूलन

(C) उत्तेजना में वृद्धि → अनुकूलन → प्रदर्शन में सुधार

(D) अनुकूलन → स्थिर अवस्था → प्रदर्शन में सुधार

According to the Principle of adaptation in training, which of the following is the correct sequence ?

(A) Adaptation → Increasing stimulus → Performance improvement

(B) Increasing stimulus → Performance improvement → Adaptation

(C) Increasing stimulus → Adaptation → Performance improvement

(D) Adaptation → Plateau → Performance improvement

5101326677

10. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म क्रमशः ओलंपिक और पैरालिंपिक विधाओं से 2024 के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे ?

(A) डी. गुकेश और मनु भाकर
(B) हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार
(C) प्रवीण कुमार और मीराबाई चानू
(D) मनु भाकर और नीरज चोपड़ा

Which of the following pairs were recipients of the 2024 Major Dhyan Chand Khel Ratna Award from Olympic and Paralympic disciplines respectively ?

(A) D. Gukesh and Manu Bhaker
(B) Harmanpreet Singh and Praveen Kumar
(C) Praveen Kumar and Mirabai Chanu
(D) Manu Bhaker and Neeraj Chopra

11. दाँत को उसके एल्वियोलर सॉकेट (गर्तिका) से जोड़ने वाला लिगामेंट (स्नायु) कहलाता है :

(A) पेरियोडॉन्टल लिगामेंट (स्नायु)
(B) पैटेलर लिगामेंट (स्नायु)
(C) क्रूशिएट लिगामेंट (स्नायु)
(D) डेल्टॉयड लिगामेंट (स्नायु)

The ligament that connects a tooth to its alveolar socket is called :

(A) Periodontal ligament
(B) Patellar ligament
(C) Cruciate ligament
(D) Deltoid ligament

12. कंधे के जोड़ (ग्लेनोह्यूमरल जोड़) को किस प्रकार के साइनोवियल जोड़ के रूप में वर्गीकृत किया गया है ?

(A) समतल (प्लेन) जोड़
(B) कंदुक और खल्लिका जोड़
(C) कब्जा जोड़
(D) धुराग्र जोड़

The shoulder joint (glenohumeral joint) is classified as which type of synovial joint ?

(A) Plane joint
(B) Ball and socket joint
(C) Hinge joint
(D) Pivot joint

13. __________ शब्द का उपयोग मानव शरीर के प्रकारों के वर्गीकरण के लिए किया जाता है, जिसमें एंडोमॉर्फ, मेसोमॉर्फ और एक्टोमॉर्फ शामिल हैं। यह प्रणाली डब्ल्यू.एच. शेल्डन द्वारा __________ में विकसित की गई थी।

(A) सोमेटोटाइप, 1940s
(B) काइनेस्थेटिक्स, 1950s
(C) बायोमैकेनिक्स, 1960s
(D) ऐन्थ्रोपोमेट्री, 1930s

The term ___________ is used for the classification of human body types into Endomorph, Mesomorph and Ectomorph, a system developed by W.H. Sheldon in the ___________.

(A) Somatotype, 1940s
(B) Kinesthetics, 1950s
(C) Biomechanics, 1960s
(D) Anthropometry, 1930s

14. गंध के प्रति बढ़ी हुई संवेदनशीलता के लिए सही चिकित्सा शब्द क्या है ?

(A) अनॉस्मिया
(B) हाइपरॉस्मिया
(C) पैरोस्मिया
(D) अनस्वाद

What is the correct medical term for an increased sensitivity to smell ?

(A) Anosmia
(B) Hyperosmia
(C) Parosmia
(D) Ageusia

15. तीव्र व्यायाम के बाद 'ऑक्सीजन ऋण' (ईपीओसी) क्या है ?

(A) अत्यधिक परिश्रम के कारण फेफड़ों की क्षमता में स्थायी कमी

(B) शरीर के उच्च तापमान के कारण रक्त की ऑक्सीजन वहन करने की अक्षमता

(C) मांसपेशियों की रासायनिक संरचना को पुनर्स्थापित करने और लैक्टिक अम्ल को साफ करने के लिए आवश्यक अतिरिक्त ऑक्सीजन

(D) वार्म-अप चरण के दौरान उपभोग की गई ऑक्सीजन की मात्रा

What is 'oxygen debt' (EPOC) following a period of intense exercise ?

(A) A permanent decrease in lung capacity due to overexertion

(B) The inability of the blood to carry oxygen due to high body temperature

(C) The extra oxygen needed to restore muscle chemistry and clear lactic acid

(D) The amount of oxygen consumed during the warm-up phase

16. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की स्थापना कहाँ हुई थी ?

(A) बर्लिन (B) लंदन

(C) रोम (D) पेरिस

Where was the International Hockey Federation (FIH) founded ?

(A) Berlin (B) London

(C) Rome (D) Paris

17. कबड्डी को पहली बार एशियाई खेलों में प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया था :

(A) मुंबई में (B) कोलकाता में (C) नई दिल्ली में (D) चेन्नई में

Kabaddi was first included as a demonstration game in the Asian Games held in :

(A) Mumbai (B) Kolkata (C) New Delhi (D) Chennai

18. नॉक-आउट फिक्स्चर तैयार करते समय, आयोजक को टीमों को ऊपरी आधे भाग और निचले आधे भाग में विभाजित करना चाहिए। यदि प्रतिभागी टीमों की कुल संख्या 15 है, तो टीमों का वितरण कैसे किया जाएगा ?

(A) ऊपरी आधा भाग = 7, निचला आधा भाग = 8 (B) ऊपरी आधा भाग = 6, निचला आधा भाग = 9

(C) ऊपरी आधा भाग = 9, निचला आधा भाग = 6 (D) ऊपरी आधा भाग = 8, निचला आधा भाग = 7

While preparing a Knock-Out fixture, the organizer must divide teams into Upper Half and Lower Half. If the total number of participating teams is 15, how will the teams be distributed ?

(A) Upper Half = 7, Lower Half = 8 (B) Upper Half = 6, Lower Half = 9

(C) Upper Half = 9, Lower Half = 6 (D) Upper Half = 8, Lower Half = 7

19. दो समूहों के बीच अंतर का आकलन करने के लिए एक सांख्यिकीय तकनीक को कहा जाता है :

(A) एफ-परीक्षण (B) मानक विचलन

(C) टी-परीक्षण (D) पियर्सन सहसंबंध

A statistical technique to assess differences between two groups is known as :

(A) f-test (B) Standard deviation

(C) t-test (D) Pearson's correlation

5101322677

20. फोटोग्राफरों/वीडियोग्राफरों को रखने और विजय एवं समापन समारोहों की व्यवस्था करने के लिए कौन-सी समिति उत्तरदायी है ?

(A) आयोजन समिति
(B) तकनीकी समिति
(C) रसद समिति
(D) वित्त समिति

Which committee is responsible for hiring photographers/videographers and making arrangements for the Victory and Closing Ceremonies ?

(A) Organising Committee
(B) Technical Committee
(C) Logistics Committee
(D) Finance Committee

21. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कॉन्ट्यूज़न नामक चिकित्सा स्थिति का सटीक वर्णन करता है ?

(A) तीखी वस्तु से त्वचा की अखंडता का टूटना, जिससे रक्तस्राव होता है।
(B) कुंद आघात के कारण रक्तवाहिकाओं के बाहर रक्त का जमाव।
(C) अत्यधिक संपीडन के कारण अंतर्निहित हड्डी का अस्थिभंग।
(D) बार-बार होने वाले तनाव के कारण जोड़ों की सूजन।

Which of the following statements accurately describes the medical condition known as a contusion ?

(A) A break in skin integrity caused by a sharp object, leading to bleeding.
(B) A collection of blood outside a blood vessel caused by blunt force trauma.
(C) A fracture of the underlying bone due to extreme compression.
(D) An inflammation of the joints caused by repetitive strain.

22. पलकों की टार्सल प्लेटों में स्थित कौन-सी ग्रंथियाँ एक तैलीय पदार्थ स्रावित करती हैं ताकि पलकें एक-दूसरे से चिपकी न रहें ?

(A) मोल की ग्रंथियाँ
(B) ज़ाइस की ग्रंथियाँ
(C) मेइबोमियन ग्रंथियाँ
(D) सिरुमिनस ग्रंथियाँ

Which glands embedded in the tarsal plates of the eyelids secrete an oily substance to prevent eyelids from sticking together ?

(A) Glands of Moll
(B) Glands of Zeis
(C) Meibomian glands
(D) Ceruminous glands

23. चेन्नई के YMCA कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन से कौन-सी विशिष्टता जुड़ी हुई है ?

(A) खेल कोचिंग में एम.एससी. प्रदान करने वाला पहला संस्थान
(B) भारत का पहला शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जिसे NAAC प्रत्यायन प्राप्त हुआ
(C) तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा और खेल विश्वविद्यालय से संबद्ध पहला कॉलेज
(D) भारत का पहला कॉलेज जिसने सभी पाठ्यक्रमों में सीबीसीएस लागू किया

Which distinction is associated with the YMCA College of Physical Education, Chennai ?

(A) First institution to offer M.Sc. in Sports Coaching
(B) First Physical Education College in India to receive NAAC accreditation
(C) First college affiliated with Tamil Nadu Physical Education and Sports University
(D) First college in India to introduce CBCS in all courses

24. 'विविधता के नियम' के अनुसार, बच्चे अकसर अपने माता-पिता से और एक-दूसरे से अलग क्यों होते हैं ?

(A) क्योंकि वे केवल अपने प्रत्यक्ष माता-पिता से ही गुणों को आनुवंशिक रूप से प्राप्त करते हैं।

(B) क्योंकि माता-पिता से आने वाले जीन और गुणसूत्रों का विशिष्ट संयोजन संयोग का विषय होता है।

(C) क्योंकि एकसदृश जुड़वाँ की आनुवंशिक संरचना शुरू से ही अलग होती है।

(D) क्योंकि 'जैसा वंश, वैसी संतान' का नियम बिना किसी अपवाद के हमेशा 100% सटीक होता है।

According to the 'Law of Variation', why do children often differ from their parents and from each other ?

(A) Because they inherit traits only from their immediate parents.

(B) Because the specific combination of genes and chromosomes from parents is a matter of chance.

(C) Because identical twins have different genetic makeup from the start.

(D) Because the law of 'Like Begets Like' is always 100% accurate without exception.

25. कान की कौन-सी अस्थिका मध्य कर्ण की तीन हड्डियों में से हथौड़े जैसी दिखती है और सबसे बड़ी होती है ?

(A) मैलियस
(B) इंकस
(C) मोडियोलस
(D) स्टेपीज़

Which ear ossicle resembles a hammer and is the largest of the three bones in the middle ear ?

(A) Malleus
(B) Incus
(C) Modiolus
(D) Stapes

26. ट्रिप्सिन संदमक ____________ के उपयोग को कम करते हैं।

(A) विटामिन
(B) खनिज
(C) आहार संबंधी प्रोटीन
(D) कार्बोहाइड्रेट

Trypsin inhibitors reduce the utilisation of ____________.

(A) Vitamins
(B) Minerals
(C) Dietary proteins
(D) Carbohydrates

27. कौन-सी विकासात्मक दिशा उस वृद्धि का वर्णन करती है जो सिर से शुरू होकर पैर तक नीचे की ओर होती है ?

(A) रैखिक विकास
(B) मस्तकाधोमुखी विकास
(C) सर्पिल विकास
(D) समीपदूराभिमुख प्रवृत्ति

Which developmental direction describes growth that proceeds from the head downward to the toes ?

(A) Linear development
(B) Cephalocaudal development
(C) Spiral development
(D) Proximodistal trend

28. प्रमस्तिष्क घात (सेरेब्रल पाल्सी) में, 'स्पास्टिसिटी' शब्द से तात्पर्य है :

(A) कमजोर दृष्टि
(B) अनियंत्रित गतिविधियाँ
(C) मांसपेशियों की अकड़न
(D) खराब समन्वय

In cerebral palsy, the term 'spasticity' refers to :

(A) Weak eyesight
(B) Uncontrolled movements
(C) Muscle stiffness
(D) Poor coordination

**29.** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की स्थापना वर्ष ____________ में हुई थी।

(A) 1960 (B) 1950

(C) 1947 (D) 1954

The School Games Federation of India (SGFI) was established in the year ____________.

(A) 1960 (B) 1950

(C) 1947 (D) 1954

**30.** निम्नलिखित में से कौन-से उपाय समावेशी पाठ्यक्रम का समर्थन करते हैं ?

I. पाठ्यक्रम के प्रति निश्चित दृष्टिकोण

II. निर्णय लेने में माता-पिता की भागीदारी

III. शिक्षा के अधिकार का कार्यान्वयन

**विकल्प :**

(A) I, II और III (B) केवल I और II

(C) केवल II और III (D) केवल I और III

Which of the following measures support an inclusive curriculum ?

I. Fixed approach to the curriculum

II. Parental involvement in decision-making

III. Implementation of Right to Education

**Options :**

(A) I, II and III (B) I and II only

(C) II and III only (D) I and III only

**31.** एक कुत्ते को हर बार भोजन दिए जाने पर एक घंटी सुनाई देती है। बार-बार जोड़ी बनाने के बाद, कुत्ता केवल घंटी की आवाज़ सुनकर लार टपकाने लगता है। यह किसका उदाहरण है ?

(A) शास्त्रीय अनुबंधन (B) प्रयास और त्रुटि अधिगम

(C) अंतर्दृष्टि अधिगम (D) क्रियाप्रसूत अनुबंधन

A dog hears a bell every time it is given food. After repeated pairings, the dog begins to salivate at the sound of the bell alone. What is this an example of ?

(A) Classical conditioning (B) Trial and error learning

(C) Insight learning (D) Operant conditioning

**32.** 'थ्री-साइड फॉर्मेशन' (ओपन स्क्वायर फॉर्मेशन) का उपयोग ____________ के लिए किया जाता है।

(A) सुबह की सभा (B) व्यक्तिगत भार प्रशिक्षण

(C) एथलेटिक स्प्रिंटिंग (D) उच्च-तीव्रता वाले कुश्ती मुकाबले

The 'Three-Side Formation' (open square formation) is utilized for ____________.

(A) Morning assembly (B) Individual weight training

(C) Athletic sprinting (D) High-intensity wrestling matches

51013267
510132677
510132677

**33.** एक अपरिपक्व, नरम हड्डी में वह फ्रैक्चर जिसमें हड्डी मुड़ती है और उसमें दरार आ जाती है, कहलाता है :

(A) ग्रीनस्टिक फ्रैक्चर
(B) संचूर्णित
(C) तनाव (स्ट्रेस) फ्रैक्चर
(D) अनुप्रस्थ

A fracture in a young, soft bone in which the bone bends and cracks is called :

(A) Greenstick fracture
(B) Comminuted
(C) Stress fracture
(D) Transverse

**34.** निम्नलिखित में से किसे 2023 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा पियरे डी कूबर्टिन पदक से सम्मानित किया गया था ?

(A) सिमोन बाइल्स (B) नोवाक जोकोविच (C) जीन ड्यूरी (D) लियोनेल मेस्सी

Which of the following individuals was awarded the Pierre de Coubertin Medal by the International Olympic Committee in 2023 ?

(A) Simone Biles (B) Novak Djokovic (C) Jean Durry (D) Lionel Messi

**35.** IHF नियमों के अनुसार, हैंडबॉल में टीम बेंचें केंद्र रेखा से कितनी दूरी पर शुरू होनी चाहिए ?

(A) 4·5 मीटर (B) 2·5 मीटर (C) 3·5 मीटर (D) 2 मीटर

According to IHF regulations, at what distance from the centre line should the team benches in handball begin ?

(A) 4·5 metres (B) 2·5 metres (C) 3·5 metres (D) 2 metres

**36.** स्वीडिश शब्द जिसका अनुवाद "स्पीड प्ले" है, वह ____________ है।

(A) पेस विधि
(B) सतत विधि
(C) फार्टलेक विधि
(D) परिपथ प्रशिक्षण

The Swedish word that translates to "Speed play" is ____________.

(A) Pace method
(B) Continuous method
(C) Fartlek method
(D) Circuit training

**37.** दीर्घकालिक वायवीय (ऐरोबिक) प्रशिक्षण में, स्ट्रोक आयतन में वृद्धि और परिणामस्वरूप होने वाली एथलेटिक हृद्मन्दता (ब्रैडीकार्डिया) के लिए कौन-सा विशिष्ट हृद् संबंधी अनुकूलन उत्तरदायी है ?

(A) परिधीय प्रणालीगत धमनिकाओं में बढ़ी हुई प्रतिरोधकता
(B) विश्राम की अवस्थाओं के दौरान अनुकंपी तंत्रिका तंत्र के टोन में स्थायी वृद्धि
(C) बाएँ निलय (वेंट्रिकल) की अतिवृद्धि और कक्ष की क्षमता में वृद्धि
(D) बढ़ी हुई लोचशीलता की अनुमति देने के लिए बाएँ निलय (वेंट्रिकल) की भित्ति का पतला होना

In long-term aerobic training, which specific cardiac adaptation is responsible for an increase in stroke volume and the resulting Athletic Bradycardia ?

(A) Increased resistance in the peripheral systemic arterioles
(B) A permanent increase in sympathetic nervous system tone during resting states
(C) Left ventricular hypertrophy and increased chamber capacity
(D) Thinning of the left ventricular wall to increase elasticity

38. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने "राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान" किस वर्ष शुरू किया था ?

(A) 1959 – 60
(B) 1970 – 71
(C) 1952 – 53
(D) 1965 – 66

The "National Physical Efficiency Drive" was launched by the Union Ministry of Education in which year ?

(A) 1959 – 60
(B) 1970 – 71
(C) 1952 – 53
(D) 1965 – 66

39. एक चर जो किसी भी वास्तविक संख्या का मान ग्रहण कर सकता है, उसे कहा जाता है :

(A) सतत चर
(B) वैज्ञानिक चर
(C) नियमित चर
(D) खंडित (विविक्त) चर

A variable that can assume any real number value is known as :

(A) Continuous variable
(B) Scientific variable
(C) Regular variable
(D) Discrete variable

40. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हृदय के अंतर्हृद्स्तर (एंडोकार्डियम) का सही वर्णन करता है ?

(A) यह हृदय की आंतरिक एंडोथीलियल (अंतःस्तरी) परत है।
(B) यह हृदय के चारों ओर स्थित बाहरी सुरक्षात्मक झिल्ली है।
(C) इसमें केवल विशेष पेसमेकर कोशिकाएँ होती हैं।
(D) यह संकुचन के लिए उत्तरदायी मोटी मांसपेशीय परत बनाता है।

Which of the following statements correctly describes the endocardium of the heart ?

(A) It is the inner endothelial lining of the heart.
(B) It is the outer protective membrane surrounding the heart.
(C) It contains specialized pacemaker cells only.
(D) It forms the thick muscular layer responsible for contraction.

41. एक मानक एथलेटिक ट्रैक में शामिल हैं :

(A) 4 अर्धवृत्त और 1 सीधी रेखा
(B) 2 अर्धवृत्त और 2 सीधी रेखाएँ
(C) केवल वृत्ताकार मोड़
(D) 1 अर्धवृत्त और 2 सीधी रेखाएँ

A standard athletic track consists of :

(A) 4 semicircles and 1 straight
(B) 2 semicircles and 2 straights
(C) Only circular bends
(D) 1 semicircle and 2 straights

42. एक व्यक्ति जो साहस और मिलनसार स्वभाव प्रदर्शित करता है, उसे _________ कहा जाता है।

(A) अंतर्मुखी
(B) बहिर्मुखी
(C) सोमैटोटाइप
(D) उभयमुखी

A person who exhibits boldness and an outgoing disposition is referred to as a/an _________.

(A) Introvert
(B) Extrovert
(C) Somatotype
(D) Ambivert

5101326777

43. वसा और वसा अम्लों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. वसा लगभग 20°C पर ठोस होती है, जबकि तेल उस तापमान पर द्रव होते हैं।

II. ट्राइग्लिसराइड सरल लिपिड की श्रेणी में आते हैं।

III. लिनोलेइक अम्ल एक आवश्यक वसा अम्ल है जिसे मानव शरीर संश्लेषित नहीं कर सकता।

IV. सभी बहुअसंतृप्त वसा अम्ल (PUFA) आवश्यक वसा अम्ल माने जाते हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल II, III और IV
(B) I, II, III और IV
(C) केवल I और IV
(D) केवल I, II और III

Which of the following statements regarding fats and fatty acids are correct ?

I. Fats are solid at about 20°C, whereas oils are liquid at that temperature.

II. Triglycerides belong to the category of simple lipids.

III. Linoleic acid is an essential fatty acid that cannot be synthesized by the human body.

IV. All polyunsaturated fatty acids (PUFAs) are considered essential fatty acids.

**Options :**

(A) II, III and IV only
(B) I, II, III and IV
(C) I and IV only
(D) I, II and III only

44. भारत में पहला हॉकी क्लब स्थापित किया गया था :

(A) कलकत्ता (कोलकाता) में
(B) नई दिल्ली में
(C) बॉम्बे (मुंबई) में
(D) मद्रास (चेन्नई) में

The first hockey club in India was established in :

(A) Calcutta (Kolkata)
(B) New Delhi
(C) Bombay (Mumbai)
(D) Madras (Chennai)

45. एक व्यक्ति जो "असुरक्षित, घबराया हुआ और उत्तेजित" है, वह बिग फाइव के किस व्यक्तित्व गुण पर उच्च स्कोर करेगा ?

(A) तंत्रिकातापिता
(B) अंतर्विवेकशीलता
(C) बहिर्मुखता
(D) अनुभवों के प्रति खुलापन

An individual who is "Insecure, nervous and excitable" would score high on which Big Five personality trait ?

(A) Neuroticism
(B) Conscientiousness
(C) Extraversion
(D) Openness to experience

46. एक फुटबॉल खिलाड़ी गंभीर कदाचार करता है और उसे तुरंत मैच से बाहर कर दिया जाता है। उसे कौन-सा कार्ड दिखाया जाता है ?

(A) नीला कार्ड
(B) लाल कार्ड
(C) काला कार्ड
(D) बैंगनी कार्ड

A football player commits serious misconduct and is immediately removed from the match. Which card is shown to him ?

(A) Blue Card
(B) Red Card
(C) Black Card
(D) Purple Card

**47.** एक मानक कबड्डी कोर्ट में प्रत्येक लॉबी की चौड़ाई क्या है ?

(A) 1 मीटर
(B) 0·5 मीटर
(C) 2 मीटर
(D) 1·5 मीटर

What is the width of each lobby in a standard Kabaddi court ?

(A) 1 metre
(B) 0·5 metre
(C) 2 metres
(D) 1·5 metres

**48.** लॉर्डोसिस को सामान्यतः ___________ के रूप में जाना जाता है।

(A) सपाट पीठ
(B) स्वे बैक
(C) मुड़ी हुई गर्दन
(D) कुबड़ी पीठ

Lordosis is commonly known as ___________.

(A) Flat back
(B) Sway back
(C) Bent neck
(D) Hunch back

**49.** RICE में "I" का अर्थ है :

(A) चोट
(B) स्थिरीकरण
(C) बर्फ
(D) अंत:क्षेपण (इंजेक्शन)

The "I" in RICE stands for :

(A) Injury
(B) Immobilization
(C) Ice
(D) Injection

**50.** नॉक-आउट टूर्नामेंट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. एक टीम तब तक खेलती रहती है जब तक वह हार नहीं जाती।
II. यह समय और लागत बचाता है।
III. प्रत्येक टीम को समान संख्या में मैच मिलते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल I और III
(B) I, II और III
(C) केवल II और III
(D) केवल I और II

Consider the following statements regarding a Knock-Out Tournament :

I. A team continues to play until it loses.
II. It saves time and cost.
III. Every team gets an equal number of matches.

Which of the above statements are correct ?

(A) I and III only
(B) I, II and III
(C) II and III only
(D) I and II only

**51.** घ्राण तंत्रिकाएँ घ्राण बल्ब की माइट्रल कोशिकाओं में समाप्त होने से पहले किस विशिष्ट संरचना से होकर गुजरती हैं ?

(A) घ्राण मार्ग
(B) माइट्रल कोशिकाएँ
(C) एथमोइड की क्रिब्रिफॉर्म प्लेट
(D) सुपीरियर टर्बाइनेट

Which specific structure do the olfactory nerves pass through before ending in the mitral cells of the olfactory bulb ?

(A) Olfactory tract
(B) Mitral cells
(C) Cribriform plate of ethmoid
(D) Superior turbinate

52. सिर से पैर तक मानव कंकाल के संदर्भ में, निम्नलिखित हड्डियों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. टैलस

II. हायॉइड अस्थि (कंठिकास्थि)

III. मैक्सिला अस्थि

IV. उरोस्थि (स्टर्नम)

विकल्प :

(A) III, II, IV और I
(B) IV, I, III और II
(C) I, IV, II और III
(D) II, III, I और IV

With reference to the human skeleton from head to toe, arrange the following bones in the correct sequential order :

I. Talus

II. Hyoid Bone

III. Maxillary Bone

IV. Sternum

**Options :**

(A) III, II, IV and I
(B) IV, I, III and II
(C) I, IV, II and III
(D) II, III, I and IV

53. कौन-सा बिग फाइव-फैक्टर व्यक्तित्व लक्षण रचनात्मकता और कल्पनाशील होने से जुड़ा है ?

(A) अंतर्विवेकशीलता
(B) तंत्रिकाताप
(C) सहमतिशीलता
(D) अनुभव के प्रति खुलापन

Which Big Five-Factor personality trait is associated with creativity and imagination ?

(A) Conscientiousness
(B) Neuroticism
(C) Agreeableness
(D) Openness to experience

54. एक ही श्वास में ली गई और छोड़ी गई वायु की मात्रा को कहा जाता है :

(A) अवशिष्ट आयतन
(B) श्वसन दर
(C) ज्वारीय आयतन (TV)
(D) फेफड़े का आयतन

The amount of air inhaled and exhaled in one breath is known as :

(A) Residual volume
(B) Respiratory rate
(C) Tidal volume (TV)
(D) Lung volume

55. "कोरी चक्र" ____________ के रूपांतरण को संदर्भित करता है।

(A) वसा अम्ल से ग्लूकोस
(B) यकृत् में लैक्टेट से ग्लूकोस
(C) प्रोटीन से ऐमीनो अम्ल
(D) मांसपेशियों में ग्लूकोस से ग्लाइकोजन

The "Cori Cycle" refers to the conversion of ____________.

(A) Fatty acids to glucose
(B) Lactate to glucose in the liver
(C) Protein to amino acids
(D) Glucose to glycogen in muscles

56. ओलंपिक खेलों एवं युवा ओलंपिक खेलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. प्रथम शीतकालीन ओलंपिक खेल 1928 में फ्रांस के चैमोनिक्स में आयोजित किए गए थे।

II. युवा ओलंपिक खेलों की अवधारणा 1998 में जोहान रोसेनज़ोफ़ द्वारा दी गई थी।

III. प्रथम शीतकालीन युवा ओलंपिक खेल 2012 में इंस्ब्रुक (ऑस्ट्रिया) में आयोजित किए गए थे।

IV. प्रथम ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल 2008 में सिंगापुर में आयोजित किए गए थे।

**विकल्प :**

(A) I, II, III और IV (B) I, II और III (C) I, III और IV (D) केवल II और III

Which of the following statements regarding the Olympic Games and the Youth Olympic Games are correct ?

I. The first Winter Olympic Games were organised in 1928 at Chamonix, France.

II. The concept of Youth Olympic Games was given by Johann Rosenzopf in 1998.

III. The first Winter Youth Olympic Games were held in 2012 in Innsbruck (Austria).

IV. The first Summer Youth Olympic Games were held in 2008 in Singapore.

**Options :**

(A) I, II, III and IV (B) I, II and III (C) I, III and IV (D) II and III only

57. हॉकी में शूटिंग सर्कल ____________ की दूरी पर चिह्नित किया जाता है।

(A) 12·63 मीटर (B) 14·63 मीटर

(C) 16·63 मीटर (D) 10·63 मीटर

The shooting circle in hockey is marked at a distance of __________.

(A) 12·63 metres (B) 14·63 metres

(C) 16·63 metres (D) 10·63 metres

58. लॉन्ग जंप प्रतिस्पर्धा (इवेंट) में, कूद को आधिकारिक तौर पर किस बिंदु से मापा जाता है ?

(A) टेक-ऑफ बोर्ड के केंद्र से (B) टेक-ऑफ बोर्ड के पश्च किनारे से

(C) एथलीट के अंतिम कदम के निशान से (D) टेक-ऑफ बोर्ड के अग्र किनारे से

In the long jump event, from which point is the jump officially measured ?

(A) From the centre of the take-off board (B) From the rear edge of the take-off board

(C) From the athlete's last stride mark (D) From the front edge of the take-off board

59. हृदय चालन तंत्र (कंडक्टिंग सिस्टम) का कौन-सा घटक आवेगों को तीव्रता से निलयी (वेंट्रिकुलर) मांसपेशी तंतुओं तक संचारित करता है, जिससे समन्वित निलयी (वेंट्रिकुलर) संकुचन उत्पन्न होता है ?

(A) पुरकिंजे तंतु (B) कॉर्डे टेन्डिनी (कंडरा रज्जू)

(C) अर्धचंद्राकार कपाट (वाल्व) (D) कोरोनरी साइनस

Which component of the cardiac conducting system transmits impulses rapidly to ventricular muscle fibres, resulting in coordinated ventricular contraction ?

(A) Purkinje fibres (B) Chordae tendineae

(C) Semilunar valves (D) Coronary sinus

60. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (संधि के प्रकार) | | सूची II (संधि का उदाहरण) | |
|---|---|---|---|
| a. | विसर्पी | i. | ह्यूमरस और अल्ना के बीच |
| b. | धुराग्र | ii. | कार्पल हड्डियों के बीच |
| c. | कब्जा | iii. | एटलस और एक्सिस के बीच |

कूट :

(A) a-iii, b-ii, c-i

(B) a-iii, b-i, c-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i

(D) a-i, b-ii, c-iii

Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Type of Joint) | | List II (Example of Joint) | |
|---|---|---|---|
| a. | Gliding | i. | Between Humerus and Ulna |
| b. | Pivot | ii. | Between Carpal bones |
| c. | Hinge | iii. | Between Atlas and Axis |

**Code :**

(A) a-iii, b-ii, c-i

(B) a-iii, b-i, c-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i

(D) a-i, b-ii, c-iii

61. फिट इंडिया मूवमेंट 29 अगस्त, 2019 को किस महान खिलाड़ी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू किया गया था ?

(A) रूप सिंह  (B) मेजर ध्यानचंद

(C) लेस्ली क्लॉडियस  (D) बलबीर सिंह सीनियर

The Fit India Movement was launched on 29th August, 2019 on the birth anniversary of which legendary sportsperson ?

(A) Roop Singh  (B) Major Dhyan Chand

(C) Leslie Claudius  (D) Balbir Singh Sr.

62. किस प्रकार की खेल चोट को मोच कहते हैं ?

(A) त्वचा ऊतक की चोट  (B) मृदु ऊतक की चोट

(C) अस्थि ऊतक की चोट  (D) संधि ऊतक की चोट

Which type of sports injury is a Sprain ?

(A) Skin tissue injury  (B) Soft tissue injury

(C) Bone tissue injury  (D) Joint tissue injury

5101326777

63. यदि किसी व्यक्ति का भारत में (दाएँ हाथ की ड्राइव) कार चलाने का ज्ञान उसे संयुक्त राज्य अमेरिका में (बाएँ हाथ की ड्राइव) कार चलाने के लिए अनुकूलित होने में कठिनाई देता है, तो यह ___________ का एक उदाहरण है।

(A) शून्य स्थानांतरण
(B) द्विपक्षीय स्थानांतरण
(C) सकारात्मक स्थानांतरण
